भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2209

08 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सरकारी अस्पतालों में सर्जरी के लिए समय सुनिश्चित करने में ढिलाई बरती जाना

2209. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल एवं लेडीहार्डिंग अस्पताल में हृदय रोग, लीवर, किडनी और तंत्रिका तंत्र से संबंधित गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को आपरेशन के लिए बहुत लंबी तिथि दे रहे हैं;

(ख) उक्त बीमारियों के ऑपरेशन निजी अस्पताल जब चंद दिनों में कर सकते हैं तो सरकारी अस्पताल में ज्यादा संसाधन होने के बावजूद भी ऑपरेशन के लिए वर्षों लंबी तिथि किन कारणों से दी जा रही है; और

(ग) उक्त अस्पतालों में उक्त बीमारियों के आपरेशन के लिए प्रतीक्षा अवधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): एम्स, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग अस्पताल, नई दिल्ली में विभिन्न क्लीनिकल विभाग रोगी की दशा, आवश्यक उपचार की तात्कालिकता और किसी विशेष दिन बिस्तर की उपलब्धता के आधार पर भर्ती की आवश्यकता वाले रोगियों की अपनी स्वयं की प्रतीक्षा सूची तैयार करते हैं। जीवनरक्षक सर्जरियां तुरंत की जाती हैं और गंभीर रोगियों को प्राथमिकता के आधार पर आपातकालीन सेवाओं में भर्ती किया जाता है और उनका ऑपरेशन किया जाता है। एम्स, नई दिल्ली और इसके विभिन्न केंद्रों में अंत:रोगी बिस्तरों की संख्या 3279 है। वर्ष 2021-22 के दौरान, एम्स नई दिल्ली में लगभग 25.33 लाख बहिरंग रोगियों, 2.02 लाख अंत:रोगियों को देखा गया और 1.44 लाख सर्जिकल प्रक्रियाएं की गईं।

*****